प्रचार प्रसार विभाग
दि ओरिएण्टल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड
ओरिएण्टल हाऊस, ए- 25/27, आसफ अली रोड
नई दिल्ली 11 0002

दिल्ली अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे-टी-3 टर्मिनल पर
दि ओरिएण्टल इंश्योरेंस काऊंटर के नवीनीकरण के लिए

नियमों व शर्तों
से संबंधित
निविदा दस्तावेज

निविदाओं की प्राप्ति हेतु अंतिम तिथि
30 जुलाई, 2018 को दोपहर 12:00 बजे तक

किसी भी स्पष्टीकरण हेतु कृपया निम्न से संपर्क करें:

मुख्य प्रबंधक (प्रचार-प्रसार)
दि ओरिएण्टल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड
ओरिएण्टल हाऊस, ए-25/27, आसफ अली रोड
नई दिल्ली 11 0002
दूरभाष सं. :- 011-43659105

**दि ओरिएण्टल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड**
**प्रधान कार्यालय, ओरिएण्टल हाउस, ए-25/27, आसफ अली रोड,**
**प्रधान कार्यालय, नई दिल्ली-110002**

**दिल्ली अन्तराष्ट्रीय हवाई अड्डे के टर्मिनल-3 पर ओरिएण्टल इंश्योरेंस काऊंटर के नवीनीकरण हेतु निविदा।**

दिल्ली/एन.सी.आर. आधारित उन ठेकेदारों से कोटेशन आमंत्रित की जाती है जिन्हें हवाई अड्डे पर काऊंटर स्थापित करने में विशेषज्ञता व अनुभव प्राप्त है। मुहरबन्द लिफाफे के ऊपर **"ओरिएण्टल इंश्योरेंस टी-3 काऊंटर हेतु कोटेशन "** लिखा जायेगा तथा **मुख्य प्रबन्धक, प्रचार-प्रसार विभाग, प्रथम तल, दि ओरिएण्टल इंश्योरेंस कम्पनी लिमिटेड, ए-25/27 आसफ अली रोड, नई दिल्ली-110002 को** सम्बोधित करके, **दिनांक 30 जुलाई, 2018 को 12.00 बजे तक या इससे पहले प्राप्त हो जा जाए।** मुहर बन्द निविदायें 'दो भाग बोली' (तकनीकी बोली व वित्तीय बोली) जैसा कि यहाँ इसके पश्चात् स्पष्ट किया गया है, में आमंत्रित की जाती है।

कम्पनी मार्गस्थ गुम हुई निविदा के लिए कोई भी उत्तरदायिता स्वीकार नहीं करेगी। **"दि ओरिएण्टल इंश्योरेंस कम्पनी लि."** के पक्ष में, **नई दिल्ली पर देय** किसी भी **अनुसूचित बैंक** से डिमांड ड्राफ्ट/भुगतान आदेश के माध्यम से **50,000/- रु.** की बयाना राशि, निविदा दस्तावेज सहित जमा करवानी होगी तथा लिफाफा **सं.1 में रखी जाएगी** जैसा कि यहाँ इसके पश्चात् स्पष्ट किया गया है। अनुबंध के निर्णय के पश्चात सभी असफल बोली-कर्ताओं को जमा बयाना राशि वापस की जाएगी।

## 1. दो मुहर बन्द लिफाफों में निविदा (दो बोली पद्धति)

निविदा दस्तावेजों को दो अलग-अलग मुहरबन्द लिफाफों में निम्न प्रकार से जमा किया जायेगा :-

1(क) लिफाफा सं. 1 में, जिसके ऊपर **तकनीकी बोली** लिखा जायेगा, निम्नलिखित रखा जायेगा :-

i) परिशिष्ट-1 के अनुसार अपेक्षित ब्यौरे।
ii) दि ओरिएण्टल इंश्योरेंस कम्पनी लिमिटेड के पक्ष में दिल्ली/नई दिल्ली पर देय किसी भी अनुसूचित बैंक के डिमांड ड्राफ्ट/भुगतान-आदेश के रुप में 50,000/- रु. की जमा बयाना राशि जमा करवानी होगी।
iii) परिशिष्ट-2 के अनुसार दि ओरिएण्टल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड की नियमों व शर्तों की स्वीकृति की (निविदा कम्पनी के प्राधिकृत हस्ताक्षर- कर्ता द्वारा) हस्ताक्षरित प्रति।

1. (ख) लिफाफा सं.2 में, जिसके ऊपर **वित्तीय बोली** लिखा गया है निम्नलिखित रखा जायेगा :-

i) विनिर्दिष्ट परिशिष्ट -3 में काऊंटर नवीनीकरण की कुल बोली लागत की स्पष्ट रुप से बताई गई राशि (आंकडों के साथ-साथ शब्दों में ) होगी । उद्रित राशि विशेष रुप से सभी करों का उल्लेख करेगी।

1ग) दोनों लिफाफों को तीसरे लिफाफे में रखा जायेगा जो कि विधिवत् रुप से मुहरबन्द होगा तथा जिसके ऊपर **"ओरिएण्टल इंश्योरेंस टी-3 काऊंटर हेतु कोटेशन"** लिखा जायेगा। एक लिफाफा जिसमें दो अलग-अलग लिफाफे हैं, कम्पनी में जमा करवाया जायेंगा।

1 घ) कम्पनी द्वारा अपनाया गया मापदंड अपने एक मात्र विवेकाधिकार पर होगा तथा किसी भी प्रश्न के लिये खुला नहीं होगा। निविदाकर्ता कम्पनी की नियमों व शर्तों को बिना शर्त स्वीकार करेगा। सशर्त

प्रस्तावों को तुरन्त रद्द किया जायेगा। निविदाकर्ता बिना शर्त स्वीकृति पत्र को हस्ताक्षरित व प्रस्तुत करेगा (इस निविदा दस्तावेज के परिशिष्ट-2 के रुप में संलग्न है) तथा जैसा कि यहाँ ऊपर बताया गया है लिफाफा सं.1 में इसे प्रस्तुत करेगा।

**2. कार्य का क्षेत्र**

कार्य के क्षेत्र में दिल्ली अन्तराष्ट्रीय हवाई अड्डे के टी-3 टर्मिनल पर ओरिएण्टल इंश्योरेंस काऊंटर के सम्पूर्ण नवीनीकरण का कार्य समाहित है। प्रयुक्त मदें यहाँ इसके पश्चात् दिये गये विशिष्टताओं के अनुसार होगी।

**3. कर एवं शुल्क**

बोलीकर्ता द्वारा उद्धृत मूल्य परिसरों तक सभी ड्यूटी एवं कर से रहित होंगे। जीएसटी तथा अन्य प्रभार, यदि कुछ लिए जाने हों, तो उन्हें एचएसएन कोड के साथ अलग से दर्शाया जाए। यदि किसी टैक्स/प्रभार को स्पष्ट रूप से व्यक्त नहीं किया गया तो बाद में इस संबंध में कोई दावा मान्य नही होगा।

**4 बयाना राशिः**

बिना बयाना वाली बोली को तुरंत ही रद्द कर दिया जाएगा।

**5. कार्य पूर्ण करने की अवधिः**

(i) सफल बोलीकर्ता(ओं) को दिए गए आर्डर की तिथि से 30 दिनों के भीतर काम अवश्य समाप्त हो जाना चाहिए।
(ii) उपरोक्त वर्णित किए गए अनुसार काम के पूरा न होने की स्थिति में, कंपनी को अधिकार है कि वह प्रत्येक सप्ताह की देरी हेतु बिल की कुल राशि के 10% की दर से तथा कुल बिलों का अधिकतम 50% की दर से जुर्माना लगा दे। इस प्रकार लगाए गए जुर्माने की राशि को संविदाकार द्वारा प्रस्तुत किए गए बिल में से काट लिया जाएगा। उपरोक्त भाग (i) में वर्णित 30 दिनों के बाद 5 सप्ताह से अधिक समय में काम के पूरा न होने की स्थिति से अधिक समय में काम के पूरा न होने की स्थिति में, कंपनी को पूर्ण अधिकार है कि वह बयाना राशि को जब्त करके आर्डर को रद्द कर दे।

**6. संविदा को रद्द करनाः**

ठेकेदार निर्धारित सुपुर्दगी कार्यक्रम एवं विनिर्देशों के अनुसार काम को पूरा न कर पाने की स्थिति में, कंपनी को पूर्ण अधिकार है कि वह आर्डर को रद्द कर दे तथा काम को अन्य किसी स्रोत से ठेकेदार के जोखिम एवं लागत पर करवा ले । आर्डर के रद्द किए जाने की स्थिति में कंपनी को अधिकार है कि कथित परिसर में पड़े सामान को अपने कब्जें में ले ले।

**7 बीमाः**

ठेकेदार द्वारा किए जाने वाले काम को कार्य से होने वाली हानि या क्षति के विरूद्ध बीमित करवा ले । इस प्रकार किए गए बीमा के ब्यौरे को हमें भेजने की व्यवस्था की जाए।

**8. अग्रिम भुगतानः**

किसी विशिष्ट कार्य हेतु कोई भी अग्रिम राशि नहीं दी जाएगी। भुगतान केवल निर्धारित नियमों एवं शर्तों के अंतर्गत पूरा होने पर संबद्ध विभाग की पूर्ण संतुष्टि होने पर ही किया जाएगा।

**9. कर की प्रयोज्यताः**

आयकर अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार, कंपनी कर की कटौती देय राशि की लागू दर पर ही करेगी।

**10. विविधः**

(i) निविदा दस्तावेज को हमारी वेबसाईट से डाऊनलोड किया जा सकता है या हमारे कार्यालय से निशुल्क प्राप्त किया जा सकता है।

(ii) यदि कार्य निष्पादन असंतोषजनक है या निर्धारित समय का कडाई से अनुपालन नहीं किया किया गया तो कंपनी को पूर्ण अधिकार है कि बिना कोई कारण बताए किसी या सारी निविदाओं को पूर्णतया या आंशिक रूप से स्वीकार/अस्वीकार कर सकती है तथा किसी भी समय नियमों एवं शर्तों में संशोधन कर सकती है। बोलियों के मूल्यांकन और/या ठेका देने के संबंध में कंपनी का निर्णय अंतिम होगा।

(iii) कंपनी को पूर्ण अधिकार है कि निष्पादन के दौरान किसी भी समय काउंटर पर निरीक्षण कर सकती है तथा कोई भी उचित निर्णय ले सकती है तथा उसका निर्णय अंतिम होगा।

(iv) अधूरी निविदाएं, जिनमें मांगी गई जानकारी उपलब्ध नहीं है, रद्द किए जाने योग्य हैं। यदि सरकार द्वारा कोई लाभ दिए गए हैं तो बोलीकर्ता तकनीकी बोली में आवश्यक प्रमाण पत्र संलग्न करें अन्यथा उनके दावों को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

(v) प्रचार-प्रसार विभाग का उप महाप्रबंधक संविदा के संबंध में प्राधिकारी होगा। उप महाप्रबंधक का निर्णय अंतिम होगा तथा ठेकेदार के लिए बाध्य होगा तथा सभी बैठकें केवल दिल्ली में ही होंगी।

(vi) निविदाकर्ता द्वारा निविदा को स्वीकार करने के लिए प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से कंपनी के किसी अधिकारी को किसी भी प्रकार से प्रभावित करने के प्रयास से उसकी निविदा स्वीकार न करने योग्य मानी जाएगी तथा कंपनी द्वारा उसकी फर्म को ब्लैक-लिस्ट भी किया जा सकता है।

(vii) मूल्यों को भारतीय रूपयों में उद्धृत किया जाए तथा ये अंतिम एवं उनके लिए बाध्य होंगे तथा इनमें कोई भी वृद्धि नहीं की जाएगी। मूल्य को अंकों के साथ साथ शब्दों में भी लिखा जाए। किसी भी प्रकार का विवाद होने की स्थिति में शब्दों में दिए गए मूल्य को ही माना जाएगा।

(viii) इस संविदा से उत्पन्न किसी भी प्रकार के अंतर या मतभेद की स्थिति में, इसका समाधान समय-समय पर संशोधित भारतीय मध्यस्थता अधिनियम, 1940 के प्रावधानों के अनुसार किया जाएगा। इस संविदा से उत्पन्न सभी मामलों को लेने तथा सुलझाने का विशेषाधिकार दिल्ली न्यायालय का होगा।

**मुख्य प्रबंधक**

परिशिष्ट -1

**(तकनीकी बोली में संलग्न किया जाए)**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | कंपनी/फर्म का नाम | | |
| 2. | रजिस्ट्रेशन संख्या व रजिस्ट्रेशन की तिथि | | |
| 3. | पत्र व्यवहार का पता ( फैक्स व ई-मेल सहित ) | | |
| 4. | पैन व जीएसटी रजिस्ट्रेशन संख्या | | |
| 5. | निविदा में अपेक्षानुसार समान कार्य करने का अनुभव | | |
| 6. | बयाना राशि का ब्यौरा:<br>अदाकर्ता बैंक<br>डिमांड ड्राफ्ट/ पे-आर्डर संख्या एवं तिथि | | |
| 7. | अन्य, कोई विवरण | | |

मैं/हम प्रमाणित करते हैं कि उक्त विवरण सही है।

प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता
(कंपनी/फर्म की मुहर)

तिथि: -------------------------
स्थान:-------------------------

## स्वीकृति पत्र

(बोलीदाता के पत्र-शीर्ष पर लिफाफा संख्या 1 में जमा करवाया जाएगा )

मुख्य प्रबंधक (प्रचार-प्रसार),
दि ओरिएण्टल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड,
ओरिएण्टल हाऊस, ए-25/7, आसफ अली रोड़,
प्रधान कार्यालय, नई दिल्ली।

महोदय,

**विषय – दि ओरिएण्टल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड की निविदा शर्तों की स्वीकृति।**

मैं/हम एतद्द्वारा प्रमाणित करते हैं कि दिल्ली अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के टर्मिनल -3 पर ओरिएण्टल इंश्योरेंस के काउंटर के नवीकरण हेतु निविदा दस्तावेज की सम्पूर्ण शर्तों एवं नियमों को पढ़ लिया है । यदि निविदा में किसी भी प्रावधान का उल्लंघन पाया जाता है तो मैं/हम स्वीकार करते हैं कि निविदा को रद्द किया जाएगा तथा दि ओरिएण्टल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड को किसी भी अन्य अधिकार या समाधान के पूर्वाग्रह के बिना मेरे/ हमारे द्वारा जमा की गई बयाने की पूर्ण राशि को जब्त करने की स्वतंत्रता होगी । उपरोक्त कार्य हेतु मैं/हम एतद्द्वारा बिना किसी शर्त के दि ओरिएण्टल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड को निविदा दस्तावेज की शर्तों एवं नियम को पूर्णता से स्वीकार करते हैं।

इस कार्य हेतु अपेक्षित बयाना राशि रूपये 50,000/- ( रूपये पचास हजार केवल ) का डिमांड ड्राफ्ट/पे-आर्डर, जोकि नई दिल्ली में ........................................................................ बैंक की शाखा में देय है, इसके साथ संलग्न है।

**भवदीय**

**निविदाकर्ता के हस्ताक्षर एवं मुहर**

निविदाकर्ता का प्राधिकृत प्रतिनिधि

नाम ....................................................

पदनाम ...............................................

मोबाईल नंबर---------------------------------

तिथि..........................

**परिशिष्ट -3**

## मात्रा का बिल

| क्रमांक | वस्तुऐं | विशेष विनिर्देश | यूनिट | भाग |
|---|---|---|---|---|
| 1. | प्री-लेमिनेटिड बुडेन –फ्लोरिंग | स्वीकृत डिजाइन के अनुसार लकडी के प्लेटफार्म पर प्री-फैब्रिकेटिड 8 एम.एम. का मोटा तख्ता फिक्स करना | वर्गफीट | 120 |
| 2. | लकडी के फर्श हेतू पहले से स्वीकृत डिजाईन के अनुसार बिडिंग एवं प्रोफाईल | वुड़ेन-फ्लोरिंग हेतु बिडिंग एवं प्रोफाईल उपलब्ध कराना एवं लगाना | वर्ग फीट/ आरएफटी | 100 |
| 3. | स्वीकृत डिजाईन के अनुसार एम एस प्लेटफार्म पर लकडी का काम | एम एस प्लेटफार्म पर डिजाईन के अनुसार 10 एम एम तथा 12 एम एम की मोटी एफ आर ग्रेड(मेक ग्रीनली/आर्चिड प्लाई) की डबल कोर की प्लाई बोर्ड प्रदान करना एवं फिक्स करना | वर्ग फीट | 120 |
| 4. | फ्लोरिंग हेतु एम एस प्लेटफार्म | वुड़ेन-फ्लोरिंग बेस हेतु स्वीकृत डिजाईन के अनुसार (50 एमएम X 40 एमएम.) (16 गेज) की एमएस स्क्वेयर का फ्रेम प्लेटफार्म प्रदान करना एवं लगाना । | वर्ग मीटर | 125 |
| 5. | वुडेन-वाल विभाजक (पार्टीशन) | स्वीकृत डिजीईन के अनुसार (25 एमएम X 25 एमएम) गेज एमएम पाईप तथा 10 एमएम प्लाईबोर्ड एफआर ग्रेड (मेक - ग्रीनप्लाई/आर्चिडप्लाई) प्रदान करना तथा लगाना | वर्ग फिट | 65 |
| 6. | दीवार के पार्टीशन या केनोपी कार्यों हेतु लेमीनेट | बाह्‌ दीवार पेनल हेतू (1 एमएम) की मोटी लेमीनेट (शेड नं.21024 एचजीएल एवं 2108 एचजीएल) तथा स्वीकृत डिजाइन (मेक मरीनो/इका/फॉरमाइका)या समकक्ष के अनुसार वुड़ेन पार्टिशन उपलब्ध करवाना और लगाना। | वर्गफीट | 150 |
| 7. | कोरियन कार्य | फ्रंट काऊंटर पर स्वीकृत डिजाइन के अनुसार (6 एमएम - मोटी एलजी मेक कोरियन) ( शेड - एस - 028 एपलाईन वाईट) का कार्य उपलब्ध करवाना और फिक्स करना | वर्गफीट | 150 |
| 8. | वुड़ेन काऊंटर | डिजाईन के अनुसार (मेक - ग्रीनप्लाई/आरचिड प्लाई) काउंटर पर स्वीकृत लेमीनेट सहित (19 एमएम) का मोटा (एफआरग्रेड) फॉयर रेटिड प्लाईबोर्ड उपलब्ध करवाना तथा लगाना | वर्ग फीट | 60 |
| 9. | लाईट फिक्चर | स्वीकृत मॉडल (मेक फिलिप्स/बजाज/क्रॉम्पटन/विपरो या समकक्ष) के अनुसार आवश्यक फिटिंग्स सहित(10 वॉट – | नहीं | 10 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | एलईडी लाईट) लाईट | | |
| 10. | कनोपी कार्य हेतु एमएस पोल | स्वीकृत डिजाईन के अनुसार केनोपी ढांचे के बीच (100 एमएम X 3 एमएम) (10 गेज) की एमएस राऊंड पाईप उपलब्ध कराना तथा लगाना। | नहीं | 1 |
| 11. | कनोपी कार्य | (100 X 100 एमएम की मोटी लकडी की फ्रेम (50 X 50 एमएम) की अल्यूमीनियम फ्रेमिंग X (8 एम एम) एफआर ग्रेड का प्लाई बोर्ड फायर रेटिड स्वीकृत डिजाईन के अनुसार मेक - ग्रीन प्लाई/आर्चिड प्लाई) लेमीनेट पेसटिंग उपलब्ध करवाना और लगाना। | वर्ग फीट | 120 |
| 12. | एम एस पोल केवर | पोल कार्विंग हेतु स्वीकृत डिजाईन (मेक - ग्रीन प्लाई/आर्चिड प्लाई) के अनुसार (9 एम एम) एफआर ग्रेड वुड़ेन पैनल उपलब्ध कराना तथा लगाना। | सं. | 1 |
| 13. | विद्युत केबीनेट | काऊंटर के अन्दर, विद्युत वस्तुओं एफआर ग्रेड डबल कोर प्लाईबोर्ड (19 एमएम) हेतु स्वीकृत डिजाईन के अनुसार लेमीनेट पेस्टिंग सहित एफआर ग्रेड की वुड़ेन केबीनेट उपलब्ध करवाना एवं लगाना | वर्ग फीट | 30 |
| 14. | एफआरएलएस साईट वायरिंग | अर्थिंग , लाइटिंग, स्विच सॉकेट हेतु वायरिंग सहित साईट हेतु एफआरएसएस (1 एमएम , 1.5 एमएम तथा 2.5 वर्ग एमएम) | आरएफटी | 200 |
| 15. | वायरिंग हेतू एमएस पाईपलाईन | वायरिंग एवं डाटा केबलिंग हेतु एमएस लचीली पाईपलाईन उपलब्ध करवाना तथा लगाना। | आरएमटी | 75 |
| 16. | एस एस स्कर्टिंग | डिजाईन के अनुसार आवश्यक पेचों के साथ 100 (एम एम) चौडी एस एस स्कर्टिंग लगाना | आरएफटी | 30 |
| 17. | एसएस टयूबें | काऊंटर के आगे आवश्यक फिटिंग सहित डिजाईन के अनुसार एसएस टयूब्स (25 एम एम) (16 गेज) उपलब्ध करवाना तथा लगाना | सं. | 4 |
| 18. | प्रशासक कुर्सी (एग्जीक्यूटिव चेयर) | स्वीकृत डिजाईन के अनुसार प्रशासक कुर्सियां उपलब्ध करवाना तथा वितरित करना | सं. | 2 |
| 19. | विविध कार्य जिसमें अग्नि शमन प्रणाली सहित साईट पर लगाने का कार्य शामिल है। | जीएमआर के साथ समन्वय तथा उनकी आवश्यकता के अनुसार संशोधन करना | ... | .... |

## मूल्य बोली

दिल्ली अन्तराष्ट्रीय हवाईअड्डे के टर्मिनल 3 पर ओरिएण्टल इंश्योरेंस के काऊंटर लगाने/नवीनीकरन हेतू लागत

रुपये (अंकों में) ...................................
रुपये (शब्दों में) ...................................

जीएसटी एचएसएन कोड ............................ की दर से ...................................
जीएस टी सहित कुल राशि : रुपये (अंकों में) .....................................
रुपये (शब्दों में..............................................................)

निविदाकर्ता के हस्ताक्षर
रबड की मोहर सहित

निविदाकर्ता का प्राधिकृत प्रतिनिधि

नाम ................................................
पदनाम ...........................................
मोबाईल नं.......................................

स्थान :......................................

तिथि :........................................